संख्या- 99 /2016/1649/24-1-16-1373/2016

प्रेषक:

सुरेश कुमार शर्मा,
विशेष सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रबन्ध निदेशक,
उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0,
शक्ति भवन, लखनऊ।

ऊर्जा अनुभाग-1 **लखनऊ : दिनांक 19 सितम्बर, 2016**

विषय:- फैजाबाद एवं अयोध्या टाउन जनपद फैजाबाद में एच0टी0 एवं एल0टी0 उपरिगामी विद्युत लाइनों को भूमिगत केबिल कराये जाने हेतु वित्तीय वर्ष 2016-17 में अंशपूॅजी मद में वित्तीय स्वीकृति के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक निदेशक तकनीकी, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0, लखनऊ के पत्र संख्या-1269/निदेशक(तक0)/म0वि0वि0नि0लि0/लखनऊ/भूमिगत कार्य फैजाबाद एवं अयोध्या टाउन, दिनांक 22.06.2016 के सन्दर्भ में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 में उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 को वितरण हानियों एवं विद्युत चोरी को कम करने हेतु भूमिगत केबिल कार्य करने के लिए वित्तीय वर्ष 2016-17 में अंशपूॅजी मद में प्राविधानित धनराशि रूपये 375,00,00,000/-(रूपये तीन सौ पचहत्तर करोड मात्र) में फैजाबाद एवं अयोध्या टाउन जनपद फैजाबाद में एच0टी0 एवं एल0टी0 उपरिगामी विद्युत लाइनों को भूमिगत केबिल कराये जाने हेतु धनराशि रूपये 58,48,00,000/- (रूपये अठ्ठावन करोड़ अड़तालिस लाख मात्र) में से 40 प्रतिशत राशि अर्थात रूपये 23,40,00,000/- (रूपये तेईस करोड़ चालिस लाख मात्र) निम्न शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है। अवमुक्त की जा रही धनराशि का 75 प्रतिशत भाग व्यय हो जाने पर लागत का 40 प्रतिशत अंश द्वितीय किश्त के रूप में रूपये अवमुक्त किया जा सकेगा।

2- प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि का भौतिक एवं वित्तीय प्रगति उपलब्ध करायी जायेगी।

3- प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि का आहरण वास्तविक आवश्यकता होने पर किया जायेगा।

4- प्रस्तर-1 में स्वीकृत धनराशि के आहरण हेतु कारपोरेशन के सक्षम प्राधिकारी द्वारा वित्तीय नियम संग्रह खण्ड-5 भाग-1 के प्रपत्र संख्या-42जी/शुद्ध पत्र संख्या-426, दिनांक 13-जुलाई, 1971 द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर बिल बनाकर प्रतिहस्ताक्षर हेतु ऊर्जा अनुभाग-1, उत्तर प्रदेश शासन को उपलब्ध कराया जायेगा।

5- स्वीकृत धनराशि के सापेक्ष समय-समय पर व्यय की गयी धनराशि का सम्पूर्ण विवरण यथा कोषागार का नाम जहाँ से धनराशि आहरित की गयी है, बाउचर संख्या, आहरण की तिथि, लेखाशीर्षक आदि तथा आहरित धनराशि के संबंध में उपयोगिता प्रमाण-

http://srasanadesh.up.nic.in

पत्र महालेखाकार, उत्तर प्रदेश इलाहाबाद/ लखनऊ और ऊर्जा विभाग/ वित्त विभाग, उत्तर प्रदेश शासन को नियमानुसार उपलब्ध कराने की बाध्यता होगी।

6- आयोजनागत मदों में स्वीकृत की जा रही धनराशि का उपयोग किसी भी दशा में आयोजनेत्तर मदों में नहीं किया जायेगा।

7- यह सुनिश्चित किया जाय कि स्वीकृत की जा रही धनराशि का उपयोग उन्ही कार्यों के लिए हो जो संबंधित डिस्काम्स द्वारा अपरिहार्य रूप से कराये जाने हो तथा जिनकी तकनीकी एवं वित्तीय स्वीकृति सक्षम स्तर से प्राप्त कर ली गयी हो।

8- इस शासनादेश में निर्धारित विशिष्ट शर्तो का अनुपालन निदेशक (वित्त), उ0प्र0 पावर कारपोरेशन लि0 द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा।

9- इस संबंध में होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2016-17 के अनुदान संख्या-9 के लेखाशीर्षक "4801-बिजली परियोजनाओं पर पूँजीगत परिव्यय-आयोजनागत-05-संचरण तथा वितरण-190-सार्वजनिक क्षेत्र तथा अन्य उपक्रमों में निवेश-06-उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लि0 को वितरण हानियों एवं विद्युत चोरी को कम करने हेतु भूमिगत केबिल कार्य हेतु अंशपूँजी-30-निवेश/ऋण" के नामे डाला जायेगा।

10- यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय संख्या-ई-10-यू0ओ0-204 (ख)/दस-2016, दिनांक 08 सितम्बर, 2016 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहें हैं।

भवदीय,

सुरेश कुमार शर्मा
विशेष सचिव।

संख्या- 99 /1649(1)/24-1-16, तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, (लेखा एव हकदारी) प्रथम, उ0प्र0 सरोजनी नायडू मार्ग, इलाहाबाद211001।
2- महालेखाकार, (लेखा परीक्षा) प्रथम उ0प्र0 सरोजनी नायडू मार्ग, इलाहाबाद 211001।
3- महालेखाकार, (आर्थिक एवं राजस्व लेखा परीक्षा), उ0प्र0, छठवां तल केन्द्रीय भवन, सेक्टर-एच, अलीगंज लखनऊ।
4- मुख्य कोषाधिकारी, लखनऊ।
5- प्रबन्ध निदेशक, मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0, लखनऊ, उ0प्र0।
6- निदेशक (तकनीकी), मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लि0, लखनऊ, उ0प्र0।
7- वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-10/राज्य योजना अनुभाग-1/गार्ड बुक।

आज्ञा से,

सुरेश कुमार शर्मा
विशेष सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in